हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 1 जनवरी 2026

12 जीव प्रेमियों ने जिला उपायुक्त को दी शिकायत



13 ग्रीटिंग मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




# निरीक्षण के बाद एसडीएम ने दिखाई सख्ती

■ पर्यावरण संरक्षण और जन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने छोटूराम नगर में हाल ही में हुई आगजनी की घटना और सीवरेज व्यवस्था को लेकर मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान एचएसआईआईडीसी, नगर परिषद सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम अभिनव सिवाच ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ औद्योगिक इकाइयों द्वारा अवैध तरीके से औद्योगिक वेस्ट (कचरा) डंप किया जा रहा है, जिसके कारण आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं।



बहादुरगढ़। नप अधिकारियों के साथ लाइनपार में निरीक्षण करते एसडीएम।

एसडीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इसके दोषियों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की जाए।

पहले चरण में दोषी इकाइयों को नोटिस जारी किए जाएंगे और यदि इसके बाद भी नियमों की अवहेलना जारी रहती है तो एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जन सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और आगजनी की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एसडीएम ने नागरिक अस्पताल से सटी सड़क पर सीवरेज से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सीवरेज लाइन की सफाई, जलनिकासी की सुचारु व्यवस्था और सड़क की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए। एसडीएम ने नप अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाने, अवैध वेस्ट डंपिंग पर त्वरित रोक लगाने तथा आपसी समन्वय के साथ प्रभावी व समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

## घोटाले पर पर्दा डालने का लगाया आरोप

बहादुरगढ़। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बड़े घोटाले को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। झज्जर जिले में इस घोटाले पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। आरोप है कि डाटा अपडेट करने के नाम पर फर्जी रिकॉर्ड दुरुस्त करने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में दो दिन पहले एक पत्र लिखा गया है। इसे लेकर शिकायतकर्ता अनूप अहलावत ने स्वास्थ्य विभाग पर घोटाले को छुपाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शहर के आदर्श नगर स्थित अर्बन पीएचसी में जांच समिति के सामने बयान देने आए लोगों का कहना है कि बीसीजी का टीका नही लगने के एफिडेविट देने पर उन्हें फोन करके धमकाया जा रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम उन्हीं लोगों को फर्जी बता रही है, जिन्होंने घोटाले को उजागर करने के लिए एफिडेविट दिए थे। अनूप अहलावत ने आरोप लगाए कि बिना बीसीजी का टीका लगाए फर्जी तरीके से वैक्सीनेशन का रिकॉर्ड चढ़ाया गया। बहादुरगढ़ में करीब 20 हजार लोगों को बीसीजी वैक्सीन लगाई जानी थी। लेकिन इसके रिकॉर्ड में गड़बड़ी हुई। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री को शिकायत दी। अनूप के अनुसार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए वे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे।

# अलसुबह घने कोहरे ने बढ़ाई परेशानी सांय शीतलहर ने छुड़ाई कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

बुधवार एक बार फिर छाए घने कोहरे ने वाहन चालकों की परेशानी को बढ़ाया। बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता बीस से तीस मीटर तक ही होने के कारण सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। वहीं लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी दिक्कतें हुई। स्कूल कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी अपने संस्थानों में देर से पहुंचे।

सुबह करीब 11 बजे स्थिति सामान्य हो पाई। उधर, सांय चली शीतलहर ने ठंड में और अधिक इजाफा कर दिया। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव तापते हुए दिखाई दिए। बुधवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में तापमान और अधिक गिरावट होने का अनुमान लगा रहे है।



झज्जर। कोहरे के बीच स्कूल बस का इंतजार करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डंपर की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत

झज्जर। शहर के रेवाड़ी मार्ग पर पंचनद चौक के नजदीक एक डंपर की टक्कर से साइकिल सवार प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहगीरों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। शहर थाना प्रभारी बलदेव सिंह ने बताया कि मृतक के शव से बरामद आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त बिहार के समस्तीपुर जिले के गांव कंजारा निवासी करीब 54 वर्षीय मोगल सदा के तौर पर की गई है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। ऐसे में परिजनों के पहुंचने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जा सकेगा।

## दो गांवों के खेतों में चोरी की वारदात

बहादुरगढ़। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित संसाधन चोरों के निशाने पर हैं। आए दिन गांवों में सोलर पैनल, मोटर आदि चोरी होने की वारदात हो रही हैं। अब गांव दरियापुर के खेतों में वारदात हो गई। यहां विनय दयाल के खेत से सोलर पैनल और बैट्रियों चुराई गई है। जब वह खेत में गया तो वारदात का पता चला। अपने स्तर पर जांच के बाद कुछ सुराग नहीं लगा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, दूसरी तरफ नयागांव स्थित रोहताश के खेतों में वारदात हो गई। रोहताश का कहना है कि उसने खेतों में कुछ कमरे बना रखे हैं। इन कमरों में मोटर, बिजली, गाड़ियों का सामान आदि रखा है। बुधवार को खेतों में गया तो कमरों से चार मोटर, गाड़ियों व बिजली का काफी सामान गायब था। वहीं, सदर थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## दरवाजे तोड़कर मकान से सामान चोरी

बहादुरगढ़। गांव जगरतपुर में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर दरवाजे तोड़कर मकान में से मोटर, कसरत का सामान आदि पर हाथ साफ कर गए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जगरतपुर की निवासी पूनम का कहना है कि गांव के अंदर उनका पुराना मकान है। उसमें पानी की मोटर, कूलर व डंबल-प्लेट आदि कसरत का सामान रखा हुआ था। हाल ही में जब वे उस मकान में गए तो मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था। कूलर, पानी की मोटर व जिम का सामान नहीं मिला। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं, इस शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

L.A. SR. SEC. SCHOOL
CBSE AFFILIATED (No. 530694) Pre. Nur-XII (Science, Commerce & Humanities)
प्रिय अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों एवं क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy New Year 2026
ADMISSION OPEN
SESSION : 2026-27
Sector-9, Delhi Road, Jhajjar (Haryana)-124103
Mob. No.- 8222992245, 9991941492, 01251254167,68
Visit at : www.lajhajjar.com | Email at : lasss.jjr@gmail.com
To know more about us Like us on Facebook @LASSSJJR

INDO AMERICAN SCHOOL, JHAJJAR
सेवार्थं ज्ञानम्
DELHI ROAD AGRASEN CHOWK, JHAJJAR - 124103
Happy New Year 2026
Cheers to new beginnings! May this year bring you success, happiness, and plenty of unforgettable moments.
WE ARE HIRING!
• PRINCIPAL
• COORDINATOR
• PGT - ALL SUBJECT
• TGT - ALL SUBJECT
• PRT - ALL SUBJECT
• NTT, KINDERGARTEN TEACHER
• ART & CRAFT TEACHER
• PHYSICAL EDUCATION TEACHER
• PEON
WALK IN INTERVIEW 10:00 AM - 2:00 PM
ADMISSION 2026-2027 OPEN
Follow us indo_american_school_jhajjar
Contact us 7048931603, 9813288030

BRIGADIER RAN SINGH PUBLIC SCHOOL
ON MAIN ROHTAK-JHAJJAR ROAD DUJANA (JHAJJAR)
प्रिय अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों एवं क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
2026
ADMISSION OPEN -:SESSION :- 2026-27
Chairman Sh. Shamsher Singh Ahlawat
Sh. B.K. Sharma (Commander (Retd.) Indian Navy)
CONTACT : 9991838693, 9466594125, 8708636693

भारत को प्रगति और सांस्कृतिक गौरव के शिखर पर पहुंचाने के लिए
मोदी सरकार का हृदय से आभार।
2025 के प्रमुख मील के पत्थर:
ऑपरेशन सिंदूर
आयोध्या राम मंदिर पूर्णता
महाकुंभ 2025 भव्य आयोजन
आयकर अधिनियम 2025
बीमा एवं परमाणु सुधार (SHANTI Bill)
विकसित भारत ग्रामीण रोजगार
वक्फ (संशोधन) अधिनियम
सभी जिलावासियों को नव वर्ष, लोहड़ी, मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल गिरोत्रा उर्फ बिट्टू
मनोनीत पार्षद, नगर परिषद, झज्जर
एक भारत, श्रेष्ठ भारत, झज्जर शहर के संयोजक

MAHARSHI DAYANAND SR. SEC. SCHOOL
Khudan (Jhajjar)
Registration Start 2026-27
HAPPY NEW YEAR! 2026
Wishing you a New Year filled with new hopes, new joy, and new beginnings.
Requirement
PGT: Physics, Chemistry, Math, Hindi
TGT: Sanskrit, Computer, Receptionist
Walk in for Interview on School Time
Address: V.P.O - Khudan, District - Jhajjar, Haryana 124108
For Any Query Contact: 9992255582, 9992498718, 9992998137, 9896711972, 9466308460

प्रिय अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों एवं क्षेत्रवासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY NEW YEAR 2026
Admission Open
Session : 2026-27
G.A.V. PUBLIC SCHOOL & G.A.V. DGREE COLLEGE
1 Km Stone, NH-71B, Vill. Patauda, Jhajjar
CALL : 9992993901, 9992993902, 9466879611
gavpspatauda@gmail.com www.gavpublicschool.in

# उम्मीदें 2026 : नूतन वर्ष में पूरी होंगी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं

साल-2025 में अधूरी रह गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के वर्ष-2026 में संपन्न होने की प्रबल संभावनाएं

रवींद्र राठी ▸▸ बहादुरगढ़

गेटवे ऑफ हरियाणा कहे जाने वाले बहादुरगढ़ की जनता को नए साल से नई उम्मीदें हैं। साल-2025 में अधूरी रह गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के वर्ष-2026 में संपन्न होने की प्रबल संभावनाएं हैं। नागरिक भी बेसब्री से कई प्रोजेक्ट्स के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। चलिए हम सभी वर्ष-2025 की खट्टी-मिट्ठी यादों को भुलाकर पूरे उत्साह से साल-2026 का स्वागत करें...



**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन पर चल रहा सुधारीकरण कार्य।

## रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 92 साल पुराने बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन के सुधारीकरण के काम की आधारशिला वर्चुअल माध्यम से रखी थी। प्रथम चरण में 25 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च हो रही है। उम्मीद है कि 2026 में रेलवे स्टेशन के नए भवन का निर्माण और मौजूदा सुविधाओं का नवीनीकरण पूरा हो जाएगा।



**बहादुरगढ़।** अस्पताल में अधूरा पड़ा नए भवन का निर्माण।

## नागरिक अस्पताल का विस्तार

बहादुरगढ़ में 100 बैड के नागरिक अस्पताल को 200 बैड का बनाने के लिए जून-2019 में काम शुरू हुआ था। करीब 40 करोड़ रुपए में पीडब्ल्यूडी द्वारा छह मंजिला इमारत बनाई जा रही थी। एग्रीमेंट अमाउंट के बराबर काम पूरा होने के बाद निर्माण रुक गया। नए सिरे से एस्टीमेट बनाकर टेंडर की औपचारिकता पूरी की जा रही है। उम्मीद है कि नए साल में यह जरूरी काम पूरा करवा लिया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-4बी में तैयार हो रहा ईएसआईसी अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

## तैयार होगा ईएसआई अस्पताल

करीब 91 करोड़ रुपए की लागत से एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-4बी में ईएसआई अस्पताल का निर्माण 4 दिसंबर 2021 को शुरू हुआ था। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के माध्यम से 100 बिस्तरों का अस्पताल बनवाया जा रहा है। उम्मीद है कि साल 2026 में यह अस्पताल शुरू होने के बाद लाखों कर्मचारियों को चिकित्सा लाभ होगा।



**बहादुरगढ़।** शहर के भीतर एक डेयरी में बंधी भैंसे।

## सिरे चढ़े डेयरी शिफ्टिंग योजना

शहर से डेयरियों को बाहर करने की योजना दो दशक से अधिक समय से लंबित पड़ी है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू होकर अटक गई। करीब 8 साल पहले प्रदेश सरकार द्वारा एक करोड़ 41 लाख रुपये आवंटित होने के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में है। उम्मीद है कि जमीन फाइनल होते ही डेयरियों को शहर से बाहर निकालने की प्रक्रिया 2026 में शुरू हो जाएगी।



**बहादुरगढ़।** बादली रोड पर टाउन पार्क के निकट निर्माणाधीन रैन बसेरा। फोटो : हरिभूमि

## रैन बसेरे का सपना होगा पूरा

शहर के बालौर रोड पर टाउन पार्क के साथ एक करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से रैन बसेरे का निर्माण लंबे समय से अधर में लटका है। टेंडर अमाउंट पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम अभी भी शेष है। करीब सवा करोड़ रुपए की राशि का नया एस्टीमेट तैयार किया गया है। उम्मीद है कि नगर परिषद वर्ष 2026 में नया टेंडर लगाकर रैन बसेरे का निर्माण पूरा करवाएगी।

## आरआरटीएस को मिल जाए मंजूरी



**बहादुरगढ़।** आरआरटीएस कॉरिडोर पर दौड़ने वाली रैपिड रेल।

सड़क, रेल और मेट्रो के बाद अब बहादुरगढ़ की जनता को पूरी उम्मीद है कि बहादुरगढ़ के रास्ते रोहतक तक रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को मंजूरी मिल जाए। प्रस्तावित परिवहन परियोजना से देश की राजधानी दिल्ली तक आवागमन पहले से कहीं ज्यादा सरल व तीव्र हो जाएगा। आरआरटीएस कॉरिडोर बहादुरगढ़ से रोहतक तक के इलाके को जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चरल



**बहादुरगढ़।** बराही गांव के निकट निर्माणाधीन उत्तरी बाइपास

## उत्तरी बाइपास का होगा निर्माण

बहादुरगढ़ के उत्तरी बाईपास प्रोजेक्ट का निर्माण लंबे समय से अटका पड़ा है। सीएम अनाउंसमेंट के तहत प्रथम चरण के लिए 149.55 करोड़ स्वीकृत हुए थे। सिंचाई विभाग ने नाहरा-नाहरी रोड से आसौदा तक करीब 9 किलोमीटर लंबी वेस्ट जुआं ड्रेन में सीसी रिटेनिंग वॉल बनाई है। अब ड्रेन पर सड़क बनाने के लिए करीब 70 करोड़ रुपए का रिवाइज एस्टीमेट बनाया गया है। उम्मीद है कि साल 2026 में नॉदर्न बाइपास का सपना साकार हो सकेगा।



**बहादुरगढ़।** पटौदी के निकट केएमपी एक्सप्रेस-वे के साथ चल

## एचओआरसी का काम शुरू हो

केएमपी एक्सप्रेस-वे के साथ प्रस्तावित हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना का 27 अक्टूबर 2022 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा शिलान्यास किया गया था। करीब 5618 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण लगभग पूरा हो चुका है। पलवल व गुरुग्राम के इलाके में अधिकांश काम हो चुका है। उम्मीद है कि साल-2026 में बादली-बहादुरगढ़ में भी केएमपी के साथ रेल लाइन बिछाने का काम शुरू हो जाएगा।



**बहादुरगढ़।** नवनिर्माण के बावजूद खस्ताहाल हो चुका झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग।

## झज्जर रोड बनने से मिलेगी राहत

नेशनल हाइवे-352 आर के रूप में अधिसूचित की जा चुकी झज्जर से बहादुरगढ़ को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद जर्जर है। इसके लिए हरियाणा सरकार ने 20 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी थी, जिसके तहत करीब 11 करोड़ के टेंडर काम पूरा हो चुका है। अब इसे एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के तहत फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीद है कि नए साल में यह काम सिरे चढ़ने के साथ ही जिला मुख्यालय तक का सफर सुगम हो जाएगा।




**बहादुरगढ़।** दिल्ली रोहतक रोड पर स्थित नगर परिषद कार्यालय।

## नगर निगम बन सकता है बहादुरगढ़

बहादुरगढ़ नगर परिषद को नगर निगम बनाने की मांग पिछले कई वर्षों से उठ रही है। नगर से सटे गांव सांखोल, कसार, जाखौदा, सराय, नूना माजरा व नया गांव समेत आधा दर्जन गांवों को इसमें शामिल करने का प्रारूप तैयार किया गया है। निगम बनने के बाद आउटर इलाके में रहने वाले हजारों लोगों के साथ इन ग्रामीणों को भी नगरीय क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसीलिए सरकार बहादुरगढ़ को नगर निगम का दर्जा देने पर विचार कर रही है।

## खबर संक्षेप

### कातिलाना हमले के आरोप में गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में पुरानी कहासुनी के चलते दो युवकों पर तेजधार हथियारों से हमला करने के मामले में सीआईए-2 बहादुरगढ़ की टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि राहुल निवासी छारा ने शिकायत दी थी कि अपने चचेरे भाई साहिल और दोस्त गौरव के साथ खेतों में घूमने गया था। इसी दौरान कई गाड़ियों और बाइकों पर सवार होकर आए अजय व उसके कई साथियों ने हम पर चाकू, तलवार, डंडे तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### साइट से 11 सीसीटीवी कैमरे चोरी

**बहादुरगढ़।** बादली स्थित रिलायंस मेट सिटी परिसर से डोम सीसीटीवी कैमरे चोरी हो गए। कंपनी अधिकारियों की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में करशुभ ने कहा है कि वह एएनस सर्विसेज में ऑन साइट इंजीनियर है। फिलहाल हमारी कंपनी का काम रिलायंस मेट सिटी सेक्टर 10 में सीसीटीवी इंस्टालेशन का काम कर चल रहा है। गत 26 दिसंबर को साइट का निरीक्षण करने पर 11 डोम कैमरे गायब मिले।

### बच्चों ने किया नव वर्ष का स्वागत

**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल में नए वर्ष के शुभारंभ पर विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम हुआ। नव वर्ष का स्वागत करते हुए विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के लिए सहभोज की व्यवस्था की गई। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और सामूहिकता की भावना को मजबूत करते हैं।

### प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसके विजेताओं को चेयरपर्सन सरोज राठी द्वारा पुरस्कृत किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के जिला संयोजक मनीष बंसल, जिला सहसंयोजक सरोज राठी तथा प्रदीप गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या सुशीला ने की।

# अहिंसा हाउस ओवरऑल चैंपियन घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। अहिंसा हाउस ने 124 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। धैर्य हाउस 89 अंकों के साथ द्वितीय तथा सत्य हाउस 79 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

लड़कों के वॉलीबॉल में अहिंसा हाउस प्रथम और सत्य हाउस द्वितीय रहा। छठी से आठवीं कक्षा के खो-खो में धैर्य हाउस ने प्रथम तथा सत्य हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के थ्रो बॉल में धैर्य हाउस प्रथम और सत्य हाउस द्वितीय रहा। छठी से आठवीं के कबड्डी में धैर्य हाउस प्रथम तथा सत्य हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। जबकि 9वीं से 12वीं की कबड्डी में अहिंसा हाउस ने प्रथम और सत्य हाउस ने द्वितीय स्थान हासिल किया। एलकेजी से कक्षा दूसरी तक पिक एंड थ्रो बॉल इन द



**बहादुरगढ़।** खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

कप, कक्षा तीसरी से चौथी तक सैक रेस, लेमन रेस व थ्री लेग रेस, कक्षा पांचवीं से छठी तक 50 मीटर दौड़ तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक 100 मीटर दौड़, हाई जंप और लॉन्ग जंप कराई गईं। सभी वर्गों में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किए गए। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कोच सुरेन कुमार व कोच नीरज की देखरेख में हुआ। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर व प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**बहादुरगढ़।** निशान यात्रा में आयोजकों के साथ विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

## खाटू श्याम की निशान यात्रा निकालने के साथ किया भंडारा

**बहादुरगढ़।** डिफेंस कॉलोनी स्थित अपना खाटू धाम मंदिर में नव वर्ष के उपलक्ष्य में बाबा श्याम की निशान यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजित किया गया। इसमें शिरकत करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों के जीवन से खाटू वाले श्याम सभी दुख दूर कर उनके जीवन में सुख-समृद्धि के भंडार भर देते हैं। डिफेंस कॉलोनी में अपना खाटू धाम मंदिर द्वारा निकाली गई बाबा श्याम की निशान यात्रा व शोभायात्रा में विधायक राजेश जून बुधवार को विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में 5100 रुपए की दान राशि दी। शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला। इसके पश्चात विधायक राजेश जून सेक्टर-9 पुलिस चौकी के समीप स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां आयोजित भंडारे में उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया तथा हनुमान मंदिर में 11 हजार रुपये की दान राशि भेंट की। अपना खाटू धाम मंदिर के महंत गीता राम ने विधायक राजेश जून को बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक उत्सव में करीब 2100 महिलाओं ने सिर पर कलश उठाकर भाग लिया, जो इस आयोजन की भव्यता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। विधायक राजेश जून ने कहा कि धार्मिक परंपराएं हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और इन्हें जीवित रखना हम सभी का दायित्व है।




**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

# बाढ़ नियंत्रण उपायों से संबंधित जिले के 33 नये प्रोजेक्ट मंजूर : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से जिला प्रशासन के साथ आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत उपायों से जुड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा की। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने जिलाभर में बाढ़ राहत उपायों से संबंधित 33 प्रोजेक्ट बैठक में रखे गए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रोजेक्ट मंजूर कर दिए। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट पर लगभग 53 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होगी। डीसी ने वीसी उपरांत संबंधित अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा मंजूर किए गए प्रोजेक्ट को धरातल पर तय समय सीमा में पूरा करने की रूपरेखा तैयार करें ताकि आगामी बरसात के सीजन से पहले सभी प्रोजेक्ट पूर हो जाएं और आगामी बरसाती सीजन में जलभराव की स्थिति पैदा न हो। उन्होंने बताया कि पिछले अनुभव के आधार और संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान करते हुए नये प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लडरावन, खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर में बुकनवाला तालाब और गुरुकुल वाला तालाब को दिनांक 15-01-2026 को समय प्रातः 11 बजे बाबा सदानाथ आश्रम परिसर में मछली पालन हेतू पट्टे पर नीलाम किया जाएगा। जिसकी जमानत राशि 70,000/- (सत्तर हजार रुपए) होगी। बोली की अन्य तमाम शर्तें व नियम मौके पर नीलामी के दिन सुना दी जाएंगी। इच्छुक बोली दाता समय पर उपस्थित हों।

सरपंच मनीष,
ग्राम पंचायत लडरावन
खंड बहादुरगढ़, जिला-झज्जर
मोबाइल नंबर 8053866918

# नाकों पर तैनात पुलिस ने की जांच





**बहादुरगढ़।** एमआईई में गाड़ियों की जांच करती पुलिस तथा लोगों को जागरूक करते एसआई सत्यप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में नववर्ष के जश्न को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, व्यस्त मार्गों और बॉर्डर से सटे इलाकों में जगह-जगह पुलिस नाके लगाए गए हैं। नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। दरअसल, नए साल के जश्न के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव, नशे की हालत में वाहन चलाने, शोर-शराबे और आपसी झगड़ों जैसी घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इन आशंकित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। पुलिस कर्मी लगातार गश्त कर रहे हैं और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा है कि हुड़दंग मचाने या दूसरों के लिए परेशानी खड़ी करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, दूसरी तरफ एसआई सत्यप्रकाश ने शहर में जगह जगह कार्यक्रम कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि शांति और सौहार्द के साथ नववर्ष का स्वागत करें।

## माइनर में मिला व्यक्ति का शव

**बहादुरगढ़।** रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति का शव मिला। गली अवस्था में मिला यह शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव को रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना बुधवार सुबह करीब 11 बजे की है। दरअसल, यहां माइनर किनारे एक शव अटका हुआ था। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव गलकर पूरी तरह से फूल चुका था। मौके पर शिनाख्त नहीं हो सकी और न ही पहचान संबंधित कोई दस्तावेज कपड़ों से बरामद हुआ।



**बहादुरगढ़।** निशान यात्रा में शामिल होते दिनेश कौशिक व विनोद कौशिक।

## निशान यात्रा में शामिल हुए भाजपाई

**बहादुरगढ़।** बुधवार को शहर में श्री खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ पुराना कोर्ट परिसर से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई डिफेंस कॉलोनी के बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा महंत गीता राम महाराज के पावन सानिध्य में निकाली गई। इसमें भाजपा नेता दिनेश कौशिक तथा मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु हाथों में निशान लिए जय श्री श्याम, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते नजर आए। डीजे व ढोल-नगाड़ों की मधुर धुनों पर भक्त झूमते नजर आए। पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि बाबा खाटू श्याम सच्चे मन से पुकारने वालों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करती हैं।

**ग्राम पंचायत धांधलान, खण्ड बेरी (नीलामी सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धांधलान, खण्ड बेरी की पंचायती भूमि लगभग 13 एकड़ भूमि व एक खदड़ा वाला जोहड़ को मत्स्य पालन के लिए पट्टे पर दिया जाना है। जिसकी दिनांक 09.01.2026 को समय प्रातः 10:00 बजे पर स्थान लालयाण सामान्य चौपाल पर खुली बोली की जानी निश्चित की गई है। अतः आप सभी इच्छुक बोली दाता भाग लेने हेतु निश्चित स्थान पर आकर बोली लगा सकते हैं। जमानत राशि व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/- विजय कुमार
सरपंच ग्राम पंचायत, धांधलान
खण्ड बेरी, जिला झज्जर
(हरियाणा) मो. 9812012816



**बहादुरगढ़।** फ्रेशर पार्टी के दौरान मंच पर टाइटल विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मोहित, विजयलक्ष्मी व स्नेहा ने जीते टाइटल

बहादुरगढ़। बुधवार को गांव नूना माजरा के बाबा रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन में डीएड स्पेशल के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए उनके सीनियरों द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज डायरेक्टर नवीन देशवाल ने किया। मोहित मिस्टर फ्रेशर, विजयलक्ष्मी और स्नेहा मिस फ्रेशर बनी। इसमें छात्रों ने गाकर और नाचकर मनोरंजन किया। हरियाणवी डांस, रैंप वॉक, खेल आदि गतिविधि हुई।

# जीव प्रेमियों ने जिला उपायुक्त को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

नसबंदी की प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बीच जीव प्रेमियों ने जिला उपायुक्त स्वप्निल पाटिल से मुलाकात की। लिखित शिकायत देकर मामले में हस्तक्षेप कर जांच और उचित कार्रवाई की मांग की।

जीव प्रेमियों का कहना है कि हाल ही में नसबंदी के लिए कुत्तों को पकड़ने का काम शुरू किया गया, लेकिन इसमें पशु कल्याण कानूनों, संवैधानिक सिद्धांतों और पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा है। कुत्तों को बहादुरगढ़ से पकड़कर रोहतक ले जाया गया, जो जिला और नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। यह प्रक्रिया न केवल गैरकानूनी और अपारदर्शी है, बल्कि पशु कल्याण मानकों के भी विपरीत है। शिकायत में यह भी कहा गया कि संबंधित एजेंसी के पास एडब्ल्यूबीआई से एबीसी संचालन के लिए आवश्यक वैध प्रोजेक्ट रिकॉग्निशन प्रमाण पत्र नहीं है। इसके बावजूद, एबीसी इकाई, आश्रय स्थल या पशु चिकित्सा सुविधा का निरीक्षण किए बिना वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया। जीव प्रेमियों के अनुसार, जिला उपायुक्त ने उनकी शिकायत को गंभीरता से सुना और जांच के लिए एडीसी को मार्क कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। इसके साथ ही जीव प्रेमियों ने नगर परिषद में भी लिखित शिकायत देकर पूछा गया है कि वर्क ऑर्डर से पहले संबंधित संस्था के सेंटर का निरीक्षण किया गया या नहीं और क्या उसके पास एडब्ल्यूबीआई से वैध एबीसी प्रोजेक्ट रिकॉग्निशन है। जीव प्रेमियों ने मांग की है कि यदि संस्था के पास वैध मान्यता नहीं पाई जाती है तो उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए और सभी नियमों व मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए बहादुरगढ़ में ही नसबंदी का कार्य किया जाए।



**बहादुरगढ़।** जिला उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे बहादुरगढ़ के जीव प्रेमी।

## नए साल के उपलक्ष्य में जिलेभर के स्कूलों में कार्यक्रमों का आयोजन

विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

# ग्रीटिंग मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

इंडो अमेरिकन स्कूल में बुधवार को नए साल के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इस दौरान ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणामों में पहली कक्षा से आदि प्रथम, प्रतीक द्वितीय और भावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी में दिव्या, रमणीक और सिद्धीक्षा प्रथम, ध्रुव व अक्षिका द्वितीय तथा गुंजन तृतीय रही। तीसरी कक्षा में कनक व दीप्ति को पहला, परावीर और दिव्यांशी को दूसरा व देवांशी व महक को तीसरा स्थान मिला। चौथी कक्षा में जिया व वासु पहले, प्रज्ञा व कुंज दूसरे तथा मानवी व खुशी तीसरे स्थान पर रहे। पांचवीं कक्षा में प्रियांशी व वंशिका प्रथम, गोरी व छमुन द्वितीय तथा रूद्रा व राशि ने तृतीय स्थान हासिल किया। छठी कक्षा में दिव्यांशी को पहला, कनिष्का को दूसरा व शगुन को तीसरा स्थान मिला। सातवीं कक्षा विनीता पहले, वत्सल दूसरे व पलक तथा परी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। आठवीं में दीक्षा प्रथम, नेहा द्वितीय व सोनम तृतीय रही। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने सभी विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



झज्जर। मंच पर शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान परिसर में गुब्बारे सजाते हुए शिक्षक।

### आरईडी स्कूल में बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाकर शिक्षकों को दी नए साल की शुभकामनाएं



झज्जर। नव वर्ष के उपलक्ष्य में आरईडी विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्या गीता गाबा ने बताया कि नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने गीतों की धुन पर नृत्य किया जबकि तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपने सहपाठियों व शिक्षकों को नव वर्ष की बधाई दी। छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में लेमन रेस, पिक द हैंकी और सर्कल द फन तथा नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और फुटबॉल प्रतियोगिता कराई गई। प्राचार्या ने सभी विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नववर्ष में नियमावली के साथ शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी : निधि कादियान

झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में नववर्ष के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया व नीलम दहिया ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को नववर्ष की बधाई दी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने सभी विद्यार्थियों को एक नियमावली के साथ शिक्षा ग्रहण कर नववर्ष की एक अच्छी शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया। भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा ने पुराने साल की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी देते हुए बीते वर्ष की यादों को सांझा किया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पुष्पा यादव, पिंकी अहलावत, डीपीई अमित लोहचब, विशाल, संगीत प्राध्यापक जितेंद्र, आर्ट एंड क्राफ्ट टीचर रितिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## जो भी दिल से पुकारे तुमको, उसकी विपदा पल में टली..भजन पर भाव विभोर श्रद्धालु

झज्जर। बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 284वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, भारत भूषण नंदा, देवेश शर्मा, दिनेश दुजाना, पंकज भारद्वाज, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, प्रिंस सेठी, सतीश वर्मा, विनोद भूटानी, वीरबल मल्होत्रा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, हर्ष चावला, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, विशन वधवा, संतोष अरोड़ा, हिमांशी अरोड़ा, कमल लता शर्मा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, संतोष हंस सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। भारत भूषण नंदा, योगेश रंजन, राजेंद्र वधवा ने माता है अंजनी पिता है पवन, कहलाते हनुमत शंकर सुवन..जय जय जय बजरंग बली, जो भी दिल से पुकारे तुमको, उसकी विपदा पल में टली.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।




## तक्षशिला विद्यापीठ में इंग्लिश डिक्लेमेशन स्पर्धा में अदिति प्रथम



झज्जर। तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी इंग्लिश डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो वर्गों में आयोजित इस अंतर सदनीय प्रतियोगिता तीसरी से पांचवीं व छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छठी से आठवीं कक्षा तक के समूह में विंध्याचल सदन की अदिति ने प्रथम, हिमालय सदन की सृष्टि ने द्वितीय व नीलगिरी सदन की कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के समूह में युग, मोक्ष व आरोही ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास, प्राचार्य नसीब अहलावत ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता होती है विकसित: श्रीभगवान



झज्जर। आरपीएस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन श्रीभगवान ने स्टॉफ सदस्यों के साथ मशाल जलाकर खेलों की शुरूआत कराई। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेलों में भाग लेने से विद्यार्थी में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भागीदारी भी आवश्यक है। इस दौरान आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्रीभगवान, निदेशक हंसराज यादव व प्राचार्या अंजू यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## चाइना मांझा व सिंथेटिक धागों के भंडारण, बिक्री और उपयोग पर रोक

झज्जर। मकर संक्रांति, लोहड़ी अथवा अन्य अवसरों पर पतंग उड़ाने के दौरान चाइना मांझा, नायलॉन अथवा किसी भी प्रकार के सिंथेटिक पदार्थ से बने एवं लेपित धागों के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने चाइना मांझा, नायलॉन तथा अन्य किसी भी प्रकार के सिंथेटिक कोटेड धागों के भंडारण, बिक्री, खरीद एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया।




## श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पाठ का किया सामूहिक गायन

झज्जर। शहर के कोसली रोड स्थित आनंद आश्रम में हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। आश्रम महंत अजयदास महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। अजयदास महाराज ने कहा कि हनुमान जी अपने भक्तों का संकट हरते हैं इसलिए उन्हें संकट मोचन भी कहा जाता है। हनुमान को प्रभु श्रीराम का परम भक्त माना जाता है। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पाठ का सामूहिक गायन किया।

## कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप को लेकर अफसरों ने किया दौरा

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल में वीरवार से राष्ट्रीय कैडेट कोर के दस दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप की शुरूआत की जाएगी। कैंप की गतिविधियों का निरीक्षण करने के लिए 8 बटालियन रेवाड़ी से कमांडिंग अफसर वीरेंद्र मोहन सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस दल में शौर्य चक्र विजेता सूबेदार हनुमानाराम, सूबेदार राकेश, सूबेदार पंडित चौगुले, ट्रेनिंग एनसीओ हवलदार सदा सेवन व हवलदार किशन सिंह ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्कूल के एनसीसी कार्यवाहक मनीष योगी ने बताया कि एक जनवरी से शुरू होने वाला यह ट्रेनिंग कैंप आगामी दस जनवरी तक चलेगा।

## व्यक्ति को अवसाद की ओर ले जाते हैं अभिमान के भाव : स्वामी उमानंद

झज्जर। गोपाल मंदिर में बुधवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आश्रम हरिमंदिर अमरधाम फार्रुखनगर के अधिष्ठाता स्वामी उमानंद ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। स्वामी उमानंद ने कहा कि अभिमान के भाव व्यक्ति को अवसाद की ओर ले जाते हैं। इसलिए व्यक्ति को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। रामायण में निहित सुंदरकांड में तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सिखाता है।










LOHCHAB
SPORT UTILITY VEHICLES
HONDA
MG
mahindra Rise
mahindra LAST MILE MOBILITY
MAHINDRA ELECTRIC SUVs
लोहचब परिवार
की तरफ से आप सभी को
नए साल की
शुभकामनाएँ
ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | MEHAM | BHIWANI | CHARKHI DADRI
www.lohchabgroup.com